हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 03 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह दिन प्रेस स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने और दुनिया भर में प्रेस स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय, नई दुनिया में रिपोर्टिंग - प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर यांत्रिक मेधा का प्रभाव- रखा गया हैं। यह विषय पत्रकारिता, मीडिया और प्रेस स्वतंत्रता को बदलने में यांत्रिक मेधा के तेजी से विकास और उपयोग पर प्रकाश डालता है।

****

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो- एनसीबी की अमृतसर इकाई ने चार राज्यों में चार महीने की लंबी कार्रवाई के बाद नशीली दवाइयों की तस्करी करने वाले गिरोह का भण्डाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पांच सौ 47 करोड़ रुपए की कीमत की नशीली दवाइयां जब्त की गई और 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया। श्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में एनसीबी को बधाई देते हुए कहा कि भारत नशीली दवाइयों की तस्करी पर तेजी से नकेल कस रहा है।

****

पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए कल चंडीगढ़ के सेक्टर 8 के गुरुद्वारे में गुरबानी कीर्तन आयोजित किया गया। इस आध्यात्मिक सभा का आयोजन वर्ल्ड पंजाबी ऑर्गेनाइज़ेशन द्वारा किया गया, जिसमें राष्ट्र की एकता, शांति और मजबूती के लिए प्रार्थना की गई। श्री दरबार साहिब, अमृतसर के प्रसिद्ध हज़ूरी रागी भाई शुभदीप सिंह जी ने कीर्तन किया, जिसके बाद कौमी एकता के लिए विशेष अरदास की गई। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने इस मौके पर पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए प्रार्थना में भाग लिया। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि इस बुजदिल और घिनौने कृत्य को अंजाम देने वालों पर केन्द्र सरकार द्वारा कठोर कार्यवाही की जाएगी, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई अडिग है। उन्होंने हरियाणा के बेटे, लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को नमन करते हुए उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। उन्होंने कहा कि पूरा राष्ट्र इस दुख के समय में उनके साथ खड़ा है।

****

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कल चंडीगढ़ में, विधानसभा की नवगठित समितियों के सभापतियों, सदस्यों और अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने समितियों की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने के गुर साझा करते हुए सदस्यों को पूरी जानकारी के साथ समितियों में कार्य करके विधायिका की गरिमा बढ़ाने को कहा। श्री कल्याण ने कहा कि समितियां सदन का लघु रूप हैं, इनकी कार्यप्रणाली सदन की गरिमा के अनुरूप होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने सभापतियों, सदस्यों और अधिकारियों से सुझाव भी मांगे। इससे पूर्व समिति सदस्यों की बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि समितियों का उद्देश्य जनता की सेवा व उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जनता के अधिकारों का संरक्षण व उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति इन समितियों के माध्यम से की जाती है। इनके माध्यम से जनता के कार्य होते हैं, उनकी समस्याएं दूर होती है और प्रशासन की जवाबदेही तय होती है।

****

रेलवे मंडल अंबाला ने यात्रियों की भीड़ को देखते हुए विशेष रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया है। अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि कटरा से गुवाहाटी, जम्मू से बनारस रूट पर स्पेशल 4 जोड़ी रेलगाइयाँ चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि कटरा-गुवाहाटी ट्रेन आज से 30 मई तक सप्ताह के हर शुक्रवार को चलेगी। जो अंबाला छावनी सहित अंबाला मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर रूकेगी। वहीं जम्मू-बनारस स्पेशल रेलगाड़ी 8 मई से 10 जुलाई तक चलाई जाएगी।

****

हरियाणा के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ सतबीर सिंह कादियान ने कहा है कि विभिन्न सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करना होगा। श्री कादियान कल पंचकूला में आयोजित क्वालिटी एशोरेंस सम्मेलन में 'जमीनी स्तर पर गुणवत्ता चेतना का विकास' विषय पर पैनल चर्चा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने अभियांत्रिकी कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए विभागों के बीच प्रतिबद्धता की भावना को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना की। श्री कादियान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि किसी परियोजना के अवधारणा चरण से ही गुणवत्ता सुनिश्चित करना उच्च गुणवत्ता वाले परिणाम देने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस तरह का दृष्टिकोण बुनियादी ढांचे के मानकों को बदलने में महत्वपूर्ण

भूमिका निभाता है और एक नए और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में सार्थक योगदान देता है। उन्होंने इंजीनियरिंग कार्यों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण में कृत्रिम मेधा के उपयोग का भी सुझाव दिया। सम्मेलन में लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर-इन-चीफ राजीव यादव ने कहा कि मानसिकता में बदलाव लाकर काम की गुणवत्ता में क्रांतिकारी सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मानसिकता ही विकसित और विकासशील राष्ट्र के बीच मूलभूत अंतर है।